**Terms of Reference**
**Lead Consultant**
**Community Processes/ Comprehensive Primary Health Care (CP-CPHC)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to provide technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute towards National strategic health planning and programme design. NHSRC intends to recruit Lead Consultants for its Community Processes/Comprehensive Primary Health Care Division, purely on a contractual basis.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening primary health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at national, state and district levels. Working with NHSRC's trans disciplinary team, you can discover, adapt, co-create and test solutions to multiple challenges related to service delivery systems, primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion.

This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

**Lead Consultant, CP/CPHC division, NHSRC**:

The CP-CPHC Division seeks dynamic public health professionals who are motivated to contribute to strengthening public health services. Applicants must be proactive, self-driven, and accountable, with a strong work ethic and the ability to perform effectively with minimal supervision while meeting tight deadlines.
The ideal candidate should demonstrate a deep commitment to enhancing the quality, accessibility, and reach of public health services, particularly for underserved and marginalized populations. A clear vision and sustained enthusiasm to work strategically toward achieving this goal are essential.
The selected candidate will have a unique opportunity to engage with States, Districts, and a range of stakeholders through a dynamic platform. This role offers a rich and rewarding experience in understanding public health challenges across multiple levels, as well as in designing and implementing effective, context-specific solutions.

**Opportunity to join the Division:** NHSRC seeks to recruit a Lead consultant purely on contractual basis to extend his or her support to the CP/CPHC division of NHSRC. The Lead Consultant will work under the supervision and overall guidance of Advisor, CP-CPHC.

**Roles & Responsibilities:**

- Lead the team in ideation, formulation, and timely revision of CP-CPHC policy and procedures.
- Provide policy and program support for CP-CPHC as needed at both National and State level.
- Draft program specific guidelines, policy briefs, and develop training materials, guidelines.
- Gather and analyze evidence from field reviews from different states/ districts, inform policy and advocate appropriate policy reviews.
- Undertake implementation and operational research and assessments for improving the programs and policies.
- Oversee the implementation of innovation and learning centres in CP-CPHC
- As required, represent the Division in engagements with senior policymakers at the central level, including participation in meetings, advocacy initiatives, and presentation of evidence from State field visits.
- Guide State Technical Counterparts in policy in relation to programs and projects of Community Processes and Comprehensive Primary Health Care
- Mentor and support the team members and assist the Advisor in tasks related to crafting individual responsibilities, undertaking performance appraisals and conducting team meetings.
- Prepare annual work plans and budget of the Division in coordination with other lead consultants and team members.
- Lead the work of the Division in the absence of the Advisor to ensure continuity and efficiency.
- Undertake additional assignments as assigned periodically by the Advisor of the Division.

**Qualifications & Experience:**

*Only full-time regular bachelor's degrees (minimum 3 years) and full-time regular Postgraduate qualifications (minimum 2 years), wherever applicable, shall be considered. Diploma, certificate, Executive programmes, and qualifications obtained through distance, online, part-time, correspondence mode, etc shall not be considered. Only post-qualification experience shall be counted.*

***Essential:***

- Possess Medical Graduate (MBBS/ BDS) with MD/PhD/MPH/MBA (Health Management/ Health Administration)/ Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management degree with over 10 years of experience in Public Health/ Community Health and Health Systems, after the post-graduation. Clinical experience is desirable but not essential.
- Experience of working on areas like global health, strategic communications, and innovations at field level.
- Experience of working in field models of interministerial collaboration and

advocacy
- Field level experience of capacity building and mentoring
- Experience in undertaking research (both Qualitative and Quantitative), capacity building, and working with health systems in the public health system.
- Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, PowerPoint. Ability to use the internet for desk research, literature review and other relevant documents.
- Excellent data analytical skills, documentation, communication, and presentation skills
- Good interpersonal skills and ability to lead teams.
- Excellent oral and written communication skills in English and or Hindi.

ii) Desirable:
- Working knowledge of other major regional languages
- Demonstrated ability to lead multi-disciplinary teams.
- Ability to perform given tasks with minimal supervision.
- Grassroot experience is desirable.

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, if the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy; the top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**Age Limit**: Up to 55 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 1,30,000/- to Rs. 1,70,000/- (***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to fill the online application correctly which is

available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 4th August 2026.

**संदर्भ की शर्तें**

**मुख्य सलाहकार**

**सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, NHSRC**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है। NHSRC को राष्ट्रीय स्वास्थ्य रणनीति, स्वास्थ्य योजना निर्माण तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) अपने सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर मुख्य सलाहकार की नियुक्ति करना चाहता है।

यदि आप स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत एक समर्पित टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने तथा सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। NHSRC की बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणाली, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाएँ, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना तथा स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं उनका परीक्षण करने में योगदान दे सकते हैं।

यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देने का अवसर है।

**सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल  प्रभाग में मुख्य सलाहकार :**

सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग ऐसे गतिशील सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की तलाश में है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित हों। अभ्यर्थी सक्रिय, स्व-प्रेरित, उत्तरदायी एवं सुदृढ़ कार्य-निष्ठा वाले

हों तथा न्यूनतम पर्यवेक्षण में निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम हों।

आदर्श अभ्यर्थी में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुँच एवं विस्तार को बेहतर बनाने, विशेषकर वंचित एवं हाशिए पर स्थित समुदायों तक सेवाएँ पहुँचाने के प्रति गहरी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण तथा दीर्घकालिक उत्साह एवं समर्पण अपेक्षित है।

चयनित अभ्यर्थी को राज्यों, जिलों तथा विभिन्न हितधारकों के साथ एक गतिशील मंच के माध्यम से कार्य करने का विशिष्ट अवसर प्राप्त होगा। यह पद सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को विभिन्न स्तरों पर समझने तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी समाधान तैयार करने एवं उनके क्रियान्वयन का समृद्ध एवं मूल्यवान अनुभव प्रदान करेगा।

**प्रभाग से जुड़ने का अवसर :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र अपने सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल  प्रभाग के कार्यों में सहयोग प्रदान करने हेतु पूर्णतः संविदा के आधार पर मुख्य सलाहकार की नियुक्ति करना चाहता है।

मुख्य सलाहकार सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल  प्रभाग के परामर्शदाता (एडवाइजर) के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण एवं समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

- सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित नीतियों एवं प्रक्रियाओं की परिकल्पना, निर्माण तथा समय-समय पर संशोधन हेतु टीम का नेतृत्व करना।

- राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आवश्यकता के अनुसार सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल  के लिए नीतिगत एवं कार्यक्रमगत सहयोग प्रदान करना।

- कार्यक्रम-विशिष्ट दिशा-निर्देश, नीतिगत संक्षेप प्रशिक्षण सामग्री एवं परिचालन दिशा-निर्देशों का प्रारूप तैयार करना।

- विभिन्न राज्यों एवं जिलों में किए गए क्षेत्रीय भ्रमणों से प्राप्त साक्ष्यों का संकलन एवं विश्लेषण करना, नीतिगत निर्णयों हेतु आवश्यक सुझाव देना तथा उपयुक्त नीति संशोधनों की अनुशंसा करना।

- कार्यक्रमों एवं नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यान्वयन एवं परिचालन अनुसंधान तथा मूल्यांकन अध्ययन करना।

- सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत नवाचार एवं अधिगम केंद्रों के क्रियान्वयन का पर्यवेक्षण करना।

- आवश्यकतानुसार केंद्रीय स्तर पर वरिष्ठ नीति-निर्माताओं के साथ बैठकों, वकालत संबंधी गतिविधियों तथा राज्यों के क्षेत्रीय भ्रमणों से प्राप्त साक्ष्यों की प्रस्तुति सहित विभिन्न संवादों में प्रभाग का प्रतिनिधित्व करना।

- सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं के संदर्भ में राज्य स्तरीय तकनीकी समकक्ष अधिकारियों को नीतिगत मार्गदर्शन प्रदान करना।

- टीम के सदस्यों का मार्गदर्शन एवं सहयोग करना तथा परामर्शदाता (एडवाइजर) को व्यक्तिगत कार्य-दायित्वों के निर्धारण, कार्य-निष्पादन मूल्यांकन एवं टीम बैठकों के संचालन से संबंधित कार्यों में सहयोग प्रदान करना।

- अन्य मुख्य सलाहकारों एवं टीम सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभाग की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट तैयार करना।

- परामर्शदाता (एडवाइजर) की अनुपस्थिति में प्रभाग के कार्यों का नेतृत्व करना, ताकि कार्यों की निरंतरता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

- प्रभाग के परामर्शदाता (एडवाइजर) द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव :**

केवल पूर्णकालिक नियमित स्नातक उपाधियाँ (न्यूनतम 03 वर्ष) तथा जहाँ लागू हो, पूर्णकालिक नियमित स्नातकोत्तर योग्यताएँ (न्यूनतम 02 वर्ष) ही मान्य होंगी। डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र, एग्जीक्यूटिव कार्यक्रम तथा दूरस्थ, ऑनलाइन, अंशकालिक, पत्राचार अथवा अन्य समान माध्यमों से प्राप्त योग्यताओं पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल उपरांत योग्यता कार्य अनुभव की गणना की जाएगी।

**अनिवार्य :**

- एमबीबीएस / बीडीएस में स्नातक उपाधि के साथ एमडी / पीएचडी (PhD) / सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि (MPH) / स्वास्थ्य प्रबंधन अथवा स्वास्थ्य प्रशासन में व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि (MBA) / हॉस्पिटल एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। सार्वजनिक स्वास्थ्य / सामुदायिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य प्रणालियों के क्षेत्र में स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत न्यूनतम 10 वर्ष का कार्य अनुभव। चिकित्सकीय कार्यानुभव वांछनीय है, किन्तु अनिवार्य नहीं।

- वैश्विक स्वास्थ्य, रणनीतिक संचार तथा क्षेत्रीय स्तर पर नवाचारों से संबंधित कार्य का अनुभव।

- अंतर-मंत्रालयी समन्वय एवं वकालत  के क्षेत्रीय मॉडल पर कार्य करने का अनुभव।

- क्षेत्रीय स्तर पर क्षमता निर्माण एवं मार्गदर्शन का अनुभव।

- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में अनुसंधान (गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों), क्षमता निर्माण तथा स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ कार्य करने का अनुभव।

- कंप्यूटर कौशल : एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल एवं एमएस पावरपॉइंट जैसे सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले अनुप्रयोगों का अच्छा ज्ञान। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों तक पहुँच के लिए इंटरनेट के प्रभावी उपयोग की क्षमता।

- उत्कृष्ट डेटा विश्लेषण, प्रलेखन, संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल।

- उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल तथा टीमों का नेतृत्व करने की क्षमता।
- अंग्रेज़ी एवं/अथवा हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।

**वांछनीय :**

- अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।
- बहु-विषयक टीमों का नेतृत्व करने की सिद्ध क्षमता।
- न्यूनतम पर्यवेक्षण में सौंपे गए कार्यों का प्रभावी ढंग से निष्पादन करने की क्षमता।
- जमीनी स्तर पर कार्य करने का अनुभव वांछनीय होगा

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :**

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है, तो न्यूनतम अर्हता अंक 70% होंगे। तथापि, यदि अर्ह अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो 01 रिक्ति के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा, अर्थात् शीर्ष 05 अभ्यर्थियों को विचारार्थ लिया जाएगा। यदि 02 या अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विचारार्थ शामिल किया जाएगा।

**आयु-सीमा :**

आवेदन प्राप्ति की तिथि के अनुसार अधिकतम 55 वर्ष।

**कार्य-स्थल :**

नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :**

₹1,30,000/- से ₹1,70,000/- प्रति माह।

पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :**

प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में समान अवधि के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 4th August 2026 होगी।